>

Title : Alleged irregularities in tender process of nutritious food scheme in Uttar Pradesh.

श्री मिथिलेश कुमार (शाहजहांपुर): महोदय, मैं आपका ध्यान भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही एक योजना बाल विकास पुष्टाहार की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश में बाल विकास पुष्टाहार योजना का 11 तारीख को टेंडर संख्या 1991/बीवीपीयोजना/22/2009-10 निकाला गया है, जिसके बारे में विभाग की साइट पर पूर्व में कोई सूचना नहीं दी गयी। यह टेंडर दिनांक दो जुलाई को पड़ना था।

जब विभाग की साइट देखी तो उसमें टेंडर नहीं आया, लेकिन जो सरकार से मिले हुए उनके सहयोगी हैं, उनका टेंडर डाला गया है। मैं चाहता हूं कि उस टेंडर को निरस्त किया जाए, क्योंकि यह 1200 करोड़ रुपए की परियोजना है। इसमें कई बिचौलिए मिले हुए हैं और वे मात्र 300 करोड़ रुपए की सप्लाई करते हैं, बाकी 900 करोड़ रुपए का घोटाला किया जाता है। भारत सरकार की इस योजना के तहत गरीबों को अनाज और बच्चों को खिचड़ी पहुंचाने का जो लक्ष्य है, इसका दुरुपयोग हो रहा है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उस टेंडर को निरस्त किया जाए। बाल विकास परियोजना के विभाग के निदेशक द्वारा दोबारा टेंडर निकाला जाए और जो लोग दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।